## NYC Health + Hospitals Options

**वह स्टाफ जिससे सहायता के लिए संपर्क किया जाना है**

**BRONX**

NYC Health + Hospitals/Lincoln **718-579-6414**
NYC Health + Hospitals/Morrisania **718-960-2214**
NYC Health + Hospitals/Belvis **718-579-1763**
NYC Health + Hospitals/Jacobi **718-918-3375**
NYC Health + Hospitals/North Central Bronx **718-918-3375**

**BROOKLYN**

NYC Health + Hospitals/Woodhull **718-630-3020**
NYC Health + Hospitals/Cumberland **718-260-7742**
NYC Health + Hospitals/Kings County **718-245-1323**
NYC Health + Hospitals/East New York **718-240-0630**
NYC Health + Hospitals/Coney Island **718-616-5024**

**MANHATTAN**

NYC Health + Hospitals/Harlem **212-939-8125**
NYC Health + Hospitals/Renaissance **212-932-6504**
NYC Health + Hospitals/Metropolitan **212-423-7990**
NYC Health + Hospitals/Bellevue **212-562-6264**
NYC Health + Hospitals/Gouverneur **212-238-7139**

**QUEENS**

NYC Health + Hospitals/Elmhurst **718-334-2565**
NYC Health + Hospitals/Queens **718-883-2545**

**STATEN ISLAND**

NYC Health + Hospitals/Mariner's Harbor **844-NYC-4NYC**
NYC Health + Hospitals/Vanderbilt **844-NYC-4NYC**



भरपूर सेहत के साथ जियें।

NYC HEALTH+ HOSPITALS

कनक्टेड रहें। हमें फॉलो करें।

# गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा को वहनीय बनाना

## NYC Health + Hospitals Options

भरपूर सेहत के साथ जियें।

NYC HEALTH+ HOSPITALS



## स्वास्थ्य बीमा नहीं है?
## चिंता मत करें, हम आपकी मदद कर सकते हैं।

आपको बढ़िया स्वास्थ्य सेवा पाने का हक है। उस सेवा को सस्ता बनाने का सबसे अच्छा तरीका है स्वास्थ्य बीमा लेना। हम आपके लिए उपलब्ध विकल्प समझने में आपकी मदद और उस प्लान में शामिल होने में सहायता कर सकते हैं जो आप और आपके परिवार के लिए सबसे अच्छा है। यदि आप किसी भी उपलब्ध निःशुल्क या कम खर्चीले स्वास्थ्य बीमा प्लान के योग्य नहीं हैं या आपके पास इतने पैसे नहीं हैं, तो आप अपने और अपने परिवार के लिए हमारी स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं को सस्ता बनाने के लिए NYC Health + Hospitals *Options* के पात्र हो सकते हैं - जो एक निःशुल्क या रियायती प्लान है।

### मैं उपलब्ध विकल्पों के बारे में जानकारी कैसे प्राप्त करूँ?

सबसे पहले किसी NYC Health + Hospitals वित्तीय सलाहकार से बात करें जो यदि आप पात्र हैं तो निःशुल्क या सस्ता स्वास्थ्य बीमा लेने में आप और आपके परिवार की मदद कर सकता है। हमारे वित्तीय सलाहकार उन विविध प्रकार के स्वास्थ्य बीमा प्लानों में से चुनने में आपकी मदद करने के लिए उपलब्ध हैं जिनके आप पात्र हो सकते हैं। यदि आप किसी भी स्वास्थ्य बीमा प्लान के लिए पात्र नहीं हैं, बीमा कवरेज आपको महँगा लगता है, या आपके पास अपनी चिकित्सा के लिए पैसे नहीं हैं, तो आप NYC Health + Hospitals *Options* प्रोग्राम के तहत घटी हुई और सस्ती फीस का लाभ उठा सकते हैं।

Options उन लोगों के लिए उपलब्ध है जो न्यूयॉर्क शहर में रहते हैं या इसकी यात्रा पर आते हैं। हम उन लोगों की मदद करते हैं जो नसाऊ काउंटी में रहते हैं या इसकी यात्रा पर आते हैं और क्वींस में हमारे अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों का उपयोग करते हैं। हम उन लोगों की भी मदद करते हैं जो वेस्टचेस्टर काउंटी में रहते हैं या इसकी यात्रा पर आते हैं और ब्रोंक्स में हमारे अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों का उपयोग करते हैं।

### स्वास्थ्य बीमा क्यों महत्वपूर्ण है?

कोई भी नहीं चाहता कि उसे चोट लगे या वह बीमार पड़े, लेकिन चिकित्सा की अकस्मात् जरूरत पड़ सकती है। स्वास्थ्य बीमा प्लान लेने से उन अनपेक्षित लागतों में से कुछ के लिए पैसे देने में मदद मिलती है, जिसमें बड़े मेडिकल बिल और लिखी गई दवाईयाँ शामिल हैं और इससे आपको मन की शांति मिल सकती है। हम यह भी जानते हैं कि स्वास्थ्य बीमा वाले लोग खुद और खुद के परिवार के स्वस्थ रहने के लिए जरूरी निवारणात्मक देखभाल प्राप्त करने की कोशिश करते हैं।

### बीमा या *OPTIONS* के लिए आवेदन करने के लिए मुझे क्या करना चाहिए?

NYC Health + Hospitals का कोई कर्मचारी आपसे बताने को कहेगा कि आपकी आमदनी क्या है और आपके परिवार में कितने लोग हैं। हम सबसे पहले सार्वजनिक स्वास्थ्य बीमा और Qualified Health Plans – Medicaid, the Essential Plan, Child Health Plus, EPIC (वरिष्ठ नागरिकों के लिए) और ADAP (एचआईवी/एड्स वाले लोगों के लिए) के लिए आवेदन करने में आपकी मदद करेंगे। यह एक सुरक्षित आवेदन है और कोई भी जानकारी आप्रवासन अधिकारियों को नहीं दी जाती है।

### मुझे कितने पैसे देने होंगे?

कई सस्ते या निःशुल्क स्वास्थ्य बीमा प्लान उपलब्ध हैं। हम आपके साथ उन विकल्पों के बारे में बात कर सकते हैं। यदि आप स्वास्थ्य बीमा कवर प्राप्त नहीं कर सकते हैं, तो आपको उतना ही पैसा देना है जो आप दे सकते हैं। अगले पृष्ठ पर दिए चार्ट में दिखाया गया है कि *Options* प्रोग्राम के लिए आपसे कितने पैसे देने को कहा जा सकता है। हो सकता है आपको डॉक्टर की फीस भी न देना पड़े।

### अपने स्वास्थ्य बीमा कवर के लिए इंतज़ार करते समय अगर मुझे कोई बिल मिलता है तो क्या होगा?

यदि आपने स्वास्थ्य बीमा के लिए आवेदन किया है, तो आपके आवेदन की समीक्षा के दौरान आपसे पैसे देने को नहीं कहा जाएगा। यदि आपको बिल मिलता है, तो आपको अस्पताल या स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करना और किसी वित्तीय सलाहकार से बात करने का अनुरोध करना चाहिए जो आपकी मदद करेगा।

### मैं स्वास्थ्य बीमा के लिए या *OPTIONS* के लिए आवेदन कैसे करूँ?

कृपया इस पुस्तिका के पिछले पृष्ठ पर दिए हमारे किसी भी स्वास्थ्य सेवा केंद्र को कॉल करें।

NYC Health + Hospitals सबको स्वास्थ्य सेवा प्रदान करता है। हम सभी रोगियों के अधिकारों और गोपनीयता का सम्मान करते हैं जिनमें वे लोग भी शामिल हैं जिनके पास कागजात नहीं हैं। हम गैर-अंग्रेजी भाषी लोगों की डॉक्टरों और अन्य कर्मचारियों से बात करने में भी मदद करते हैं। हमारे कर्मचारी कई भाषाएं बोलते हैं जिनमें अल्बानियन, अरबी, बंगाली, चीनी, फ्रेंच, हैतियन क्रियोल, हिन्दी, कोरियन, पोलिश, रूसी, स्पैनिश, और उर्दू शामिल हैं। दुभाषिया सेवाएं भी उपलब्ध हैं। आप अपनी भाषा में जानकारी पा सकते हैं।

### चरण 1:

अपने परिवार का आकार देखें (कृपया अपने साथ पहने वाले सभी व्यस्कों और बच्चों को शामिल करें)।

### चरण 2:

उसके बाद, दिए गए स्तरों में से किसी एक में वह राशि देखें जिसका आपको वर्ष में भुगतान किया जाएगा।

### चरण 3:

यह पता लगाने के लिए नीचे वाले चार्ट के कॉलम को ऊपर से नीचे तक देखें कि आप अपने परिवार के आकार और आय के अनुसार डॉक्टर की मुलाकातों, आपातकालीन कक्ष की मुलाकातों और अस्पताल में रहने के लिए कितना भुगतान करेंगे।

| संघीय गरीबी स्तर | <101% | 101-150% | | 151-200% | | 201-250% | | 251-300% | | 301-350% | | 351-400% | | 401% + |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| परिवार का आकार | इससे कम | इससे कम | इससे अधिक | इससे कम | इससे अधिक | इससे कम | इससे अधिक | इससे कम | इससे अधिक | इससे कम | इससे अधिक | इससे कम | इससे अधिक | इससे अधिक |
| 1 | $12,140 | $12,141 | $18,210 | $18,211 | $24,280 | $24,281 | $30,350 | $30,351 | $36,420 | $36,421 | $42,490 | $42,491 | $48,560 | $48,561 |
| 2 | $16,460 | $16,461 | $24,690 | $24,691 | $32,920 | $32,921 | $41,150 | $41,151 | $49,380 | $49,381 | $57,610 | $57,611 | $65,840 | $65,841 |
| 3 | $20,780 | $20,781 | $31,170 | $31,171 | $41,560 | $41,561 | $51,950 | $51,951 | $62,340 | $62,341 | $72,730 | $72,731 | $83,120 | $83,121 |
| 4 | $25,100 | $25,101 | $37,650 | $37,651 | $50,200 | $50,201 | $62,750 | $62,751 | $75,300 | $75,301 | $87,850 | $87,851 | $100,400 | $100,401 |
| 5 | $29,420 | $29,421 | $44,130 | $44,131 | $58,840 | $58,841 | $73,550 | $73,551 | $88,260 | $88,261 | $102,970 | $102,971 | $117,680 | $117,681 |
| 6 | $33,740 | $33,741 | $50,610 | $50,611 | $67,480 | $67,481 | $84,350 | $84,351 | $101,220 | $101,221 | $118,090 | $118,091 | $134,960 | $134,961 |
| 7 | $38,060 | $38,061 | $57,090 | $57,091 | $76,120 | $76,121 | $95,150 | $95,151 | $114,180 | $114,181 | $133,210 | $133,211 | $152,240 | $152,241 |

| | <101% | 101-150% | 151-200% | 201-250% | 251-300% | 301-350% | 351-400% | 401% + |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| व्यस्क के लिए क्लीनिक मुलाकात | $0 | $3 | $20 | $30 | $40 | $50 | $50 | पूर्ण प्रभार |
| बच्चे या गर्भवती औरत के लिए क्लीनिक मुलाकात | $0 | $0 | $20 | $30 | $40 | $50 | $50 | पूर्ण प्रभार |
| व्यवहार-संबंधी स्वास्थ्य क्लिनिक मुलाकात | $0 | $0 | $15 | $30 | $40 | $50 | $50 | पूर्ण प्रभार |
| व्यस्क के लिए आपातकालीन कक्ष मुलाकात | $0 | $3 | $75 | $80 | $100 | $120 | $120 | पूर्ण प्रभार |
| बच्चे या गर्भवती औरत के लिए आपातकालीन कक्ष मुलाकात | $0 | $0 | $75 | $80 | $100 | $120 | $120 | पूर्ण प्रभार |
| रोगी के सह-भुगतान और कटौतियाँ | $0 | $0 | $0 | $10 | $12 | $18 | $22 | पूर्ण सह-भुगतान और कटौती राशि |
| नुस्खे की दवाईयाँ (फीस प्रति नुस्खा)* | $2 | $2 | $6 | $10 | $14 | $18 | $18 | वास्तविक लागत जमा $6 |
| अस्पताल में सर्जरी या एमआरआई परीक्षण | $0 | $25 | $150 | $300 | $450 | $550 | $650 | पूर्ण प्रभार |
| अस्पताल में इलाज करा रहे रोगी का अस्पताल में रुकना** | $0 | $25 | $150 | $400 | $900 | $1,500 | $1,500 | Medicaid DRG |

*को आगे और घटा दिया जाएगा यदि फीस की लागत दवाईयों या सेवाओं की लागत से अधिक होती है

**$8,000 से अधिक की बचत पर अतिरिक्त 2% वसूल किया जाएगा